प्रादेशिक समाचार
29.03.2026 (दोपहर—1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा—पश्चिम एशिया की स्थिति से मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण, देशवासियों से एकजुट होकर इस चुनौती से निपटने का किया आह्वान।

2. राज्य सिविल सेवा नियुक्ति के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग— जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल को, एडमिट कार्ड 8 अप्रैल से डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी।

3. विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में 17वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का किया उद्‌घाटन, कहा— ऐसे आयोजन से अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूती।

4. देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्पेशल ब्रांच ने जारी किया अलर्ट, डीजीपी और देवघर के डीसी—एसपी को पत्र भेजकर किया आगाह।

5. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के महिला फुटबॉल मैच में झारखंड ने अरूणाचल प्रदेश को चार— दो से हराया, महिला हॉकी मैच में झारखंड की टीम उड़ीसा से हुई पराजित।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है क्योंकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के एक बड़े हिस्से की पूर्ति पश्चिम एशिया से ही होती है। उन्होंने देशवासियों से अफ़वाहों के प्रति सतर्क रहने और केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि यह देश के युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है। उन्होंने माई भारत द्वारा हाल ही में आयोजित बजट प्रतियोगिता की चर्चा की।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग— जेपीएससी की ओर से सिविल सेवा नियुक्ति 2025 के लिए प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। इसके लिए राज्य के अलग—अलग जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इस परीक्षा के माध्यम से 103 पदों पर नियुक्ति की जानी है। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 8 अप्रैल को जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

****

विधायक कल्पना सोरेन ने राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 17वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ट्रेड फेयर न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है, बल्कि सांस्कृतिक आदान—प्रदान का भी एक सशक्त माध्यम बनता है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

****

देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्पेशल ब्रांच ने अलर्ट जारी किया है। 30 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले के दौरान भी प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी की बात कही गई है। इसे लेकर स्पेशल ब्रांच ने डीजीपी तदाशा मिश्रा, देवघर के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को

पत्र भेजा है। बता दे कि हाल के दिनों में मंदिर परिसर की रेकी किए जाने की चर्चा सामने आई है जिसे पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है।

****

दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ धाम में लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इसे लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शिवगंगा के जल की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पंप–इन एवं पंप–आउट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मेला क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था, सड़क निर्माण और अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

****

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में डीजीपी तदाशा मिश्र के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। डीजीपी ने टीम को एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। वहीं आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है।

****

सरायकेला–खरसावां में पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए आरोपी पश्चिम बंगाल के पुरुलिया निवासी 27 वर्षीय रॉयल मंडल को 25 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस सजा के साथ–साथ बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

****

धनबाद जिले के बलियापुर में रामनवमी के दौरान उपद्रव मचाने वाले 18 नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

****

कोडरमा जिले में जंगली हाथियों ने पिछले चार दिनों में तीन लोगों को कुचलकर मार डाला है। मरकच्चो थाना क्षेत्र के महोदरा जंगल में आज महुआ चुनने गई 55 साल की सीता देवी को हाथी ने पटक कर मार डाला। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंच गई है और हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 37 हजार दो सौ रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी दो लाख 42 हजार प्रति किलोग्राम है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आज बोकारो स्टील प्रबंधन के द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। कंपनी के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने कहा कि यह हार जीत का खेल नहीं है। इसमें अधिक से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

****

रायपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल में आज महिला फुटबॉल के तीसरे लीग मैच में झारखंड ने अरूणाचल प्रदेश को चार दो से पराजित किया। वहीं महिला हॉकी के लीग मैच में झारखंड की टीम उड़ीसा से पांच चार से हार गई।

****

इंडियन प्रीमियर क्रिकेट लीग–आईपीएल प्रतियोगिता के दूसरे मैच में आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राईडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

*******समाप्त**************